# Daily Current Affairs

Date : 18 August, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NFSU) का जयपुर कैंपस |
| 2. | राजस्थान के छह व्यक्तित्व 'चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ अवॉर्ड' से सम्मानित |
| 3. | कृषक उपहार योजना |
| 4. | मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना |
| 5. | राज्य स्तरीय अंडर-23 कुश्ती प्रतियोगिता |
| 6. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. G20 यूथ समिट में भारत का प्रतिनिधित्व: डॉ. शिवम अग्रवाल<br>2. राज्य की तीन पंचायतें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित<br>3. लंपी रोग के नए मामले दर्ज |
| 7. | 'वाटरवेज टू वंडर: अनलॉकिंग क्रूज़ टूरिज्म' सम्मेलन - 2025 |
| 8. | कृत्रिम बुद्धिमता पर भारत का खर्च |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 9. | **सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF)** |
| 10. | **राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार 2025** |
| 11. | **देविका सिहाग** |
| 12. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br><br>1. "द वेट लॉस रेवोल्यूशन" पुस्तक<br>2. भारत का पहला पूर्णतः महिला संचालित स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब<br>3. अजय कुमार भल्ला<br>4. 'आरोग्यम स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र': तवांग<br>5. सिएटल में तिरंगा<br>6. एशियाई ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 : भारत |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

# नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NFSU) का जयपुर कैंपस

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **बॉर्डर सिक्योरिटी से जुड़े फॉरेंसिक मामलों की जाँच और अन्य विशेष प्रकार की फोरेंसिक जाँचों के उद्देश्य से जयपुर स्थित कोचिंग हब (प्रताप नगर) में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NFSU) कैंपस की स्थापना की गई है, जिसे सितंबर, 2025 में खोला जाएगा।**

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **यह कैंपस फॉरेंसिक साइंस के दो प्रोग्राम में 80 सीटों के साथ शुरू होगा।**
- **जयपुर स्थित NFSU कैंपस की स्थापना 'राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (NFIES)' के तहत की गई है।**
- **केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19 जून, 2024 को गृह मंत्रालय की केंद्रीय क्षेत्र योजना 'राष्ट्रीय फोरेंसिक अवसंरचना संवर्धन योजना (NFIES)' के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की थी।**
- **योजना की अवधि : वर्ष 2024-25 से 2028-29**
- **कुल वित्तीय परिव्यय : ₹2254.43 करोड़।**
- **संबंध मंत्रालय : गृह मंत्रालय।**
- **योजना के घटक:**

  **i. देश में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (NFSU) के परिसरों की स्थापना।**


  **ii. देश में केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं की स्थापना।**

  **iii. NFSU के दिल्ली परिसर के मौजूदा बुनियादी ढांचे का विस्तार।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान के छह व्यक्तित्व 'चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ अवॉर्ड' से सम्मानित




## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अदम्य साहस दिखाने वाले व्यक्तित्वों को 'चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ अवॉर्ड' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।

## मुख्य बिन्दु :

- इस सम्मान समारोह में राजस्थान के 6 व्यक्तित्वों का चयन हुआ है।

### सम्मानित होने वाले राजस्थान के व्यक्तित्व:

- डॉ. प्रतिभा सिंह – संभागीय आयुक्त, जोधपुर।
- गौरव अग्रवाल – कलेक्टर, जोधपुर।
- अभिषेक सुराना – कलेक्टर, चूरू।
- नरेंद्र सिंह मीणा – पुलिस अधीक्षक, बाड़मेर।
- महेंद्र सिंह – सीमा सुरक्षा बल, बीकानेर।
- डिप्टी कमांडेंट महेश चंद जाट – सीमा सुरक्षा बल, बीकानेर।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

- 'चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ अवॉर्ड' वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। यह सम्मान सेना के अलावा आम नागरिकों को भी दिया जाता है, जिन्होंने विकट परिस्थितियों में देशहित में अदम्य साहस का परिचय दिया हो।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कृषक उपहार योजना

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राज्य सरकार ने किसानों को पारदर्शी और डिजिटल माध्यम से कृषि जिंसों की बिक्री हेतु प्रोत्साहित करने के लिए संचालित 'कृषक उपहार योजना' में संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।



## मुख्य बिन्दु :

- संशोधित प्रावधानों के अनुसार, इस योजना का लाभ उन किसानों को ही मिलेगा, जो ई-नाम पोर्टल के माध्यम से बिक्री करते हुए ई-पेमेंट (इलेक्ट्रॉनिक भुगतान) प्रणाली से भुगतान प्राप्त करते हैं।
- केवल ई-पेमेंट पर ही उपहार कूपन जारी किए जाने से ई-नाम पोर्टल पर बिक्री के साथ-साथ किसान और व्यापारी तत्काल एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के लिए प्रेरित होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- संशोधित योजना में ई-पेमेंट से प्राप्त कृषि उपज विक्रय की प्रति 10,000 रुपये की राशि एवं इसके गुणकों में उपहार कूपन ई-नाम सॉफ्टवेयर द्वारा जारी किए जा सकेंगे।
- साथ ही, प्रत्येक 6 माह में मंडी स्तर पर ड्रॉ निकालकर 50,000 रुपये का प्रथम पुरस्कार 30,000 रुपये का द्वितीय पुरस्कार और 20,000 रुपये का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**कृषक उपहार योजना:**

- कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज को ई-नाम (E- National Agriculture Market) के माध्यम से बेचने तथा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए किसानों को प्रेरित करने एवं उनकी उपज का अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्देश्य से 'कृषक उपहार योजना' संचालित की जा रही है।
- योजना में विजेता किसान को पुरस्कार राशि का भुगतान सम्बन्धित मण्डी समिति से किया जाता है। मण्डी इस राशि का पुनर्भरण राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड से लेती है।
- योजना के तहत मण्डी स्तर पर, खण्ड स्तर पर और राज्य स्तर पर पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।
- ई-नाम (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) एक ऑनलाइन व्यापारिक मंच है, जिसका उद्देश्य किसानों, व्यापारियों और खरीदारों को ऑनलाइन व्यापार करने में मदद करना और बेहतर मूल्य प्राप्त करने के लिए सुगम विपणन प्रदान करना है।
- स्मॉल फार्मर्स एग्रीबिजनेस कंसोर्टियम (SFAC) ई-नाम को लागू करने के लिए मुख्य एजेंसी है, जो भारत सरकार के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत कार्यरत है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना




## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान सरकार द्वारा राज्य की महिलाओं को कौशल विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण द्वारा सशक्त करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना' का संचालन किया जा रहा है।

## मुख्य बिन्दु :

- यह योजना महिलाओं के रोजगार के अवसरों को बढ़ाती है तथा उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में भी सहायता करती है।

### योजना की पात्रता:

- **आरंभ :** 09 दिसम्बर, 2020
- इस योजना में केवल महिलाएँ और किशोरियाँ ही पात्र है।
- **आयु सीमा :** 16 से 45 वर्ष।
- राजस्थान की मूल निवासी होना आवश्यक।

### इस योजना में निम्न कंप्यूटर कोर्स राज्य सरकार द्वारा फ्री में कराये जाते हैं:

- **RS-CIT (आयु 16 से 40 वर्ष, 10वीं पास के लिए) :** आधारभूत कंप्यूटर प्रशिक्षण।
- **RS-CFA (आयु 16 से 40 वर्ष , 12वीं पास के लिए) :** GST, TALLY आधारित वित्तीय लेखांकन प्रशिक्षण।
- **RS-CSEP (आयु 16 से 45 वर्ष , 10वीं पास के लिए) :** स्पोकन इंग्लिश एवं पर्सनालिटी डवलपमेंट प्रशिक्षण।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राज्य स्तरीय अंडर-23 कुश्ती प्रतियोगिता

**चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, भरतपुर में राज्य स्तरीय अंडर-23 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**



**मुख्य बिन्दु :**

- **इस प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में भीलवाड़ा और महिला वर्ग में भरतपुर ओवरऑल चैंपियन रहे।**
- **पुरूष वर्ग के फ्री स्टाइल और ग्रीको रोमन में भीलवाड़ा ने 10 स्वर्ण, 3 रजत और 8 कांस्य सहित कुल 21 पदक जीते।**
- **महिला वर्ग में भरतपुर ने 5 स्वर्ण, 2 रजत और 1 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक जीते।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **G20 यूथ समिट में भारत का प्रतिनिधित्व: डॉ. शिवम अग्रवाल**<br>♦ दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 18 से 22 अगस्त, 2025 तक आयोजित होने वाले 'G20 यूथ समिट' में सीकर के डॉ. शिवम अग्रवाल भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।<br>♦ भारत सरकार 5 युवाओं को प्रतिनिधि के तौर पर दक्षिण अफ्रीका भेज रही है, जिसमें डॉ. शिवम अग्रवाल 'जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय स्थिरता' पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।<br>♦ जोहान्सबर्ग समिट (Y20) का विषय : यूथ बिल्डिंग ब्रिजेस: यूनाइटिंग फॉर सॉलिडैरिटी, चैंपियनिंग इक्वैलिटी, ड्राइविंग सस्टेनेबिलिटी। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**2.**


## राज्य की तीन पंचायतें राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित




- 15 अगस्त, 2025 को दिल्ली में हुए समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की तीन पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया।
- इन पंचायतों में गढ़ेपान (कोटा), रारह (भरतपुर) और चाली (जोधपुर) शामिल है।

**3.**

## लंपी रोग के नए मामले दर्ज





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **हाल ही में, राजस्थान के कई जिलों में गोवंश में फैलने वाली बीमारी 'लंपी स्किन डिजीज (LSD)' के मामलों मे वृद्धि देखी गई।**
- **लंपी स्किन डिज़ीज़ (LSD) एक वायरस जनित बीमारी है, जो गायों और भैंसों जैसे मवेशियों को प्रभावित करती है।**
- **यह बीमारी लंपी स्किन डिज़ीज़ वायरस (LSDV) के कारण होती है, जो कैप्रिपॉक्सवायरस (Capripoxvirus) प्रजाति का एक जीवाणु है।**
- **नोट : जून, 2025 में जयपुर के सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला से लंपी रोग से बचाव के लिए राज्य स्तरीय टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।**

CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## 'वाटरवेज टू वंडर: अनलॉकिंग क्रूज़ टूरिज्म' सम्मेलन - 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **18 अगस्त, 2025 से मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) और भारतीय बंदरगाह संघ (IPA) के सहयोग से मुंबई में 'वाटरवेज टू वंडर: अनलॉकिंग क्रूज़ टूरिज्म' विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।**




### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **उद्देश्य : इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में क्रूज़ पर्यटन की संभावनाओं को तलाशना और विकास के लिए नीतिगत पहलों, बेहतर विधियों और नीतियों पर चर्चा करना है।**
- **चर्चा के प्रमुख विषय : क्रूज़ पर्यटन विकास के लिए रणनीतिक दृष्टि और नीतिगत परिप्रेक्ष्य, विकास के लिए नीतिगत और नियामक कारक, सांस्कृतिक और तटीय यात्रा कार्यक्रम, क्रूज़ टर्मिनल की बेहतर विधियों, स्मार्ट टर्मिनल संचालन और हरित बंदरगाह रणनीतियां शामिल हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **सम्मेलन का समापन :** अक्टूबर में आयोजित होने वाले भारत समुद्री सप्ताह (IMW) 2025 के अवसर पर किया जाएगा।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु :**

**भारत समुद्री सप्ताह 2025 :**

- **आयोजन :** 27 से 31 अक्टूबर, 2025 को नेस्को प्रदर्शनी केंद्र, मुंबई में आयोजित किया जाएगा।
- **आयोजक :** बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय।
- **उद्देश्य :** समुद्री क्षेत्र में प्रगति, अवसरों और सहयोग को प्रदर्शित करना, घरेलू विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।
- यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में 100 से अधिक समुद्री देशों और 100,000 से अधिक उद्योग पेशेवरों, सरकारी अधिकारियों और निवेशकों के बीच संवाद, सहयोग और नीतिगत विचार-विमर्श को सुविधाजनक बनाएगा।
- **भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) :**
- **स्थापना :** 27 अक्टूबर, 1986 को नौवहन और नौवहन हेतु अंतर्देशीय जलमार्गों के विकास और विनियमन हेतु स्थापित किया गया।
- **मुख्यालय :** नोएडा।
- **मुख्य कार्य :** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय से प्राप्त अनुदान के माध्यम से राष्ट्रीय जलमार्गों पर अंतर्देशीय जलमार्ग अवसंरचना के विकास और रखरखाव हेतु परियोजनाओं का कार्यभार संभालता है।
- भारत में लगभग 14,500 किलोमीटर नौगम्य जलमार्ग हैं जिनमें नदियाँ, नहरें, बैकवाटर, खाड़ियाँ आदि शामिल हैं। लगभग 133.03 मिलियन मीटर नौगम्य जलमार्ग हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## कृत्रिम बुद्धिमता पर भारत का खर्च

### ➲ चर्चा में क्यों?

- 7 अगस्त, 2025 को जारी IDC इन्फोब्रीफ और यूआईपाथ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार भारत का कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी AI पर खर्च वर्ष 2028 तक 10.4 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।




### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **एजेंटिक AI लागू :** रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की 40 प्रतिशत कंपनियों ने एजेंटिक AI लागू कर लिया है और 50 प्रतिशत अगले 12 महीनों में इसे अपनाने की योजना बना रही हैं।
- **उत्पादकता और निर्णय लेने में लाभ :** 80 प्रतिशत भारतीय कंपनियों के अनुसार एजेंटिक AI से उत्पादकता बढ़ रही है जबकि 73 प्रतिशत ने निर्णय लेने की क्षमता में सुधार देखा है। मैन्युफैक्चरिंग, खुदरा, स्वास्थ्य सेवा और लाइफ साइंस जैसे क्षेत्रों में यह तकनीक तेजी से अपनाई जा रही है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **एजेंटिक AI के प्रमुख उपयोग :** 69 प्रतिशत संगठन उत्पादकता बढ़ाने, 59 प्रतिशत व्यक्तिगत ग्राहक जुड़ाव को बेहतर बनाने और 57 प्रतिशत जोखिम व धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए एजेंटिक AI का उपयोग कर रहे हैं। यह तकनीक फ्रंट और बैक-ऑफिस कार्यों में प्रभावी साबित हो रही है।
- **एजेंटिक AI :** एजेंटिक AI एक प्रकार की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) है जो स्वायत्त रूप से कार्य कर सकती है, यानी बिना निरंतर मानवीय हस्तक्षेप के और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निर्णय ले सकती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) को ISCC CORSIA (ICAO) से सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF) बनाने की आधिकारिक अनुमति मिली। यह मान्यता IOC की पानीपत रिफाइनरी को मिली है, जिससे कंपनी अब इस साल के दिसंबर तक व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने की योजना बना रही है।




## मुख्य बिन्दु :

- **सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल (SAF)** एक जैव-ईंधन है जो रासायनिक रूप से पारंपरिक जेट ईंधन के समान है, जिसे इस्तेमाल किए हुए खाना पकाने के तेल जैसे टिकाऊ फीडस्टॉक से बनाया जाता है।
- यह वैश्विक विमानन उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें 60 प्रतिशत से अधिक उत्सर्जन को कम करने की क्षमता है। SAF को इंजन में बिना किसी बदलाव के पारंपरिक जेट ईंधन के साथ मिश्रित किया जा सकता है; उदाहरण के लिए, एयरबस विमान 50 प्रतिशत तक SAF के मिश्रण का उपयोग कर सकते हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत का पहला SAF प्लांट

- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) 2025 के अंत तक अपनी पानीपत रिफाइनरी में व्यावसायिक स्तर पर SAF का उत्पादन शुरू करेगा, जिससे यह भारत में ऐसा करने वाली पहली कंपनी बन जाएगी।
- यह प्लांट बड़े होटलों और रेस्तरां श्रृंखलाओं से प्राप्त इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल का उपयोग करेगा।
- प्लांट की प्रारंभिक क्षमता प्रति वर्ष 35,000 टन होगी, जो वर्ष 2027 तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भारत की 1 प्रतिशत SAF सम्मिश्रण (Blending) की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।
- IOC की पानीपत इकाई को ISCC CORSIA प्रमाणन प्राप्त हुआ है, जो वाणिज्यिक SAF उत्पादन के लिए आवश्यक है। यह प्रमाणन CORSIA (कार्बन ऑफसेटिंग एंड रिडक्शन स्कीम फॉर इंटरनेशनल एविएशन) के अनुपालन को प्रमाणित करता है, एक ऐसा ढांचा जिसके तहत वर्ष 2027 से एयरलाइंस को वर्ष 2020 के स्तर से परे CO2 उत्सर्जन में किसी भी वृद्धि को ऑफसेट करने की आवश्यकता होगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पुरस्कार

### राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **18 अगस्त, 2025 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करने हेतु राष्ट्रीय अनुभव पुरस्कार 2025 का वितरण किया गया।**




➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **यह पुरस्कार सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारियों को उनके अनुभवों और योगदानों को अनुभव पोर्टल पर दर्ज करने के लिए दिया जाता है।**
- **प्रदानकर्त्ता : कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **विजेता :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) को चार और DRDO को दो पुरस्कार मिले हैं। पहली बार भारतीय स्टेट बैंक (SBI), भेल, भूमि संसाधन विभाग और जल शक्ति मंत्रालय के कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। विशेष रूप से, 33 प्रतिशत विजेता महिलाएं हैं, जो शासन में उनकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

- पुरस्कार वितरण के साथ 57वीं सेवानिवृत्ति-पूर्व परामर्श कार्यशाला का भी उद्घाटन किया गया।

- **डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 :** पुरस्कार वितरण के दौरान ही नवंबर, 2025 में शुरू होने वाले डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (DLC) अभियान 4.0 के लिए दिशानिर्देश जारी किये गए।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिंदु:**

- **पुरस्कार की शुरुआत :** वर्ष 2015 में पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग (DOPPW) द्वारा 'अनुभव ' नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लॉन्च करके सेवानिवृत्त कर्मचारियों के व्यक्तिगत संस्मरणों के माध्यम से भारत के प्रशासनिक इतिहास का दस्तावेजीकरण करने हेतु पुरस्कारों का शुभारंभ किया गया।

- अब तक 12,500 से अधिक लेख प्रकाशित हो चुके हैं और 78 पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## देविका सिहाग

➲ **चर्चा में क्यों?**





- **17 अगस्त, 2025 को भारतीय शटलर देविका सिहाग ने इपोह में मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 में महिला एकल स्पर्धा जीतकर अपना पहला इंटरनेशनल चैलेंज खिताब जीता।**

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **20 वर्षीय देविका ने फाइनल में पाँचवीं वरीयता प्राप्त भारत की इशारानी बरुआ को हराया।**
- **यह खिताब सिहाग के 2024 सीज़न की सफलता में इजाफा करती है, जहाँ उन्होंने इंटरनेशनल सीरीज़ स्तर पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल के खिताब भी जीते थे।**
- **मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज BWF के कॉन्टिनेंटल सर्किट में ग्रेड 3, लेवल 1 इवेंट है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **"द वेट लॉस रेवोल्यूशन" पुस्तक**<br><br>♦ 17 अगस्त, 2025 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा "द वेट लॉस रेवोल्यूशन - वेट लॉस ड्रग्स एंड हाउ टू यूज़ देम" नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।<br>♦ **लेखक :** एंडोक्रिनोलॉजिस्ट डॉ. अंबरीश मिथल और शिवम विज।<br>♦ **पुस्तक की विषयवस्तु :** मोटापा और मेटाबोलिक संबंधी विकारों पर वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित जानकारी का उल्लेख किया गया। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 2. भारत का पहला पूर्णतः महिला संचालित स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब



- 18 अगस्त, 2025 मुंबई में भारत के पहले पूर्णतः महिला संचालित स्वच्छ स्ट्रीट फूड हब का उद्घाटन किया गया।
- **नाम :** मौली।
- स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं द्वारा पूरी तरह से प्रबंधित इस हब की महिलाओं ने खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन (FOSTAC) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया है और वह अब स्वच्छ, सुरक्षित और खाद्य व्यवसाय चलाने में सक्षम हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3.


## अजय कुमार भल्ला




- हाल ही में, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त नागालैंड के राज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया है।
- भल्ला असम-मेघालय कैडर के वर्ष 1984 बैच के रिटायर्ड IAS अधिकारी हैं।
- 22 अगस्त, 2024 तक लगभग पांच सालों तक भारत के गृह सचिव के रूप में कार्य किया जिससे भल्ला पद पर पांच साल पूरा करने वाले केवल दूसरे केंद्रीय गृह सचिव बन गए।
- ला. गणेशन : 15 अगस्त, 2025 नागालैंड के राज्यपाल ला. गणेशन का पद पर रहते हुए निधन हो गया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **4.** | **'आरोग्यम स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र': तवांग**<br>♦ **भारतीय सेना ने ऑपरेशन सद्भावना के तहत तवांग में 'आरोग्यम स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र' का उद्घाटन किया।**<br>♦ **स्थान : दाहझोंग, तवांग जिला, अरुणाचल प्रदेश।**<br>♦ **उद्देश्य : तवांग जिले के थिंगबू, मागो, जेथांग और लुगुथांग के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आने वाले ग्रामीणों और पर्यटकों को समय पर स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना।** |
| **5.** | **सिएटल में तिरंगा**<br><br>♦ **भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में सिएटल (USA) के 605 फुट ऊँचे स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया।** |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह पहली बार है जब किसी लोकप्रिय अमेरिकी स्थल पर किसी विदेशी राष्ट्र का ध्वज फहराया गया।
- वर्ष 1962 में विश्व मेले के लिए निर्मित, स्पेस नीडल सिएटल के क्षितिज का प्रतीक है और अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीक-संचालित भविष्य का प्रतीक है।

**6.** **एशियाई ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 : भारत**




- भारत पहली बार सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय शीतकालीन खेल 'एशियाई ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025' आयोजन की मेज़बानी करेगा।
- **आयोजन :** 20 से 23 अगस्त, 2025 तक देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में।
- **भागीदार देश :** चीन, जापान, हांगकांग, इंडोनेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, चीनी ताइपे, वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस और भारत।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR